गौरी के लाल लाडले

गौरी के लाल लाडले, महिमा तेरी महान,
ब्रह्मा पूजे, विष्णु पूजे, पूजे सकल जहाँन,
गौरी के लाल लाडले, महिमा तेरी महान।।

एक दन्त दयावंत चार बुजाधारी,
माथे पे सिन्दूर सोहे मूसे की सवारी,
लक्ष्मी पूजे, गौरा पूजे, पूजे सकल जहाँन,
गौरी के लाल लाडले, महिमा तेरी महान।।

पान चढ़े फूल चढ़े और चढ़े मेवा,
लड्डुन का भोग लगे संत करे सेवा,
गौरा पूजे, लक्ष्मी पूजे, पूजे सकल जहाँन,
गौरी के लाल लाडले, महिमा तेरी महान।।

अंधे को आँख देते, कोढ़िन को काया,
बांझन को पुत्र देते, निर्धन को माया,
ब्रह्मा पूजे, विष्णु पूजे, पूजे सकल जहाँन,
गौरी के लाल लाडले, महिमा तेरी महान।।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25184/title/gauri-ke-laal-ladle

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |